कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक हिन्दुस्तान कानपुर (उ० प्र०) दिनांक: 21 OCT 2014

नगर आयुक्त ने बांटी महिला सफाई कर्मियों को वर्दी

झांसी | निज संवाददाता

नगर निगम सफाईकर्मियों को सोमवार नगर आयुक्त अरुण प्रकाश ने वर्दी बांटी। पिछले चार साल से वर्दी की मांग कर रहे सफाईकर्मियों को दीपावली त्योहार से पूर्व दो जोड़ा वर्दी सौंपी गई। नगर आयुक्त अरुण प्रकाश ने कहा कि महिला सफाईकर्मियों को वर्दी दी गई हैं। जबकि पुरुषों की वर्दी का वितरण किया जाएगा।

नगर निगम में तैनात महिला एवं पुरुष सफाईकर्मियों को पिछले चार से वर्दी नहीं दी गई थी। इस सम्बंध में सफाई संगठनों ने नगर आयुक्त अरुण प्रकाश को ज्ञापन सौंपकर लम्बित चल रही वर्दी उपलब्ध कराने की मांग की थी। नगर आयुक्त अरुण प्रकाश ने इस सम्बंध में विभागीय अधिकारी से बात की। बताया गया है कि सभी सर्किल की सूची उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा था। कुछ सर्किल की सूचना नहीं मिल सकी हैं। नगर आयुक्त ने तत्काल सर्किल लिपिकों से सूची उपलब्ध कराते हुए लम्बित चली आ रही वर्दी वितरण के आदेश दिये। सोमवार सदन सभाकक्ष में नगर आयुक्त ने सभी महिला सफाईकर्मियों को दो साल की लम्बित वर्दी बांटी।

राहत

- पिछले चार साल से नहीं मिली थी वर्दी, सफाई संगठनों ने रखी थी मांग
- पुरुषों को वर्दी वितरण नहीं हुआ

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।